दिनांक 25 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राहत शिविरों में ठहरे हुए लोगों को सिखाया जा रहा है योग के गुर , व्यस्त एवं तनाव मुक्त रखने निगम भिलाई की नई पहल

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में विभिन्न प्रदेशों एवं क्षेत्रों से लॉक डाउन के दौरान फंसे हुए लोग निगम के राहत शिविरो मे ठहरे हुए हैं, इनको व्यस्त एवं तनावमुक्त रखने के लिए नए-नए तरीके निगम भिलाई द्वारा अपनाए जा रहे हैं! मंगल भवन के राहत शिविर में कैरम, लूडो, टीवी, एफएम रेडियो जैसी सुविधाएं मुहैया कराई गई है ताकि कैंपस के भीतर रहते हुए समय व्यतीत किया जा सके! इसी प्रकार से सांस्कृतिक भवन वैशाली नगर में भी लूडो की व्यवस्था की गई है साथ ही निगम के अजय शुक्ला द्वारा इन राहत शिविरों में जाकर योग के तरीके बताए जा रहे हैं , जिसमें सोशल डिस्टेंस का पालन किया जा रहा है! राहत शिविर में ठहरे हुए लोगों के मांग एवं आवश्यकता के हिसाब से भी भोजन इत्यादि व्यवस्था की जा रही है वैशाली नगर संस्कृतिक भवन के मजदूरों द्वारा पूड़ी , जीरा राइस, हलवा की मांग की गई थी जिस पर उन्हें इसके लिए राशन सामग्री प्रदाय की गई इसके साथ ही इसी स्थल पर सब्जी के लिए कच्चा केला प्रदान किया गया और मंगल भवन एवं अकाश गंगा के राहत शिविर में पका हुआ केला दिया गया! राहत शिविरों का निगम के अधिकारी/कर्मचारी सतत निरीक्षण कर रहे हो और ठहरे हुए लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था कर रहे हैं ताकि इनको कोई समस्या न हो! राहत शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण भी चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है! मास्क एवं सैनिटाइजर भी प्रदान किया गया है! दैनिक जीवन की जरूरी सुविधाएं राहत शिविरों में उपलब्ध कराई जा रही है! अजय शुक्ला ने बताया कि राहत शिविरों एवं आश्रय स्थलों में योग एवं व्यायाम के तरीके बताकर तनावमुक्त रखने प्रयासरत है , ऐसे समस्त स्थलों में योग सिखाकर व्यस्त रखने का कार्य किया जा रहा है ताकि मानसिक एवं शारीरिक ताजगी भी यहां ठहरे हुए लोगों में लाई जा सके!

जनसंपर्क अधिकारी